<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में स्वयंसेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन

विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय के कम्युनिटी सांइस के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सड़क सुरक्षा अभियान विषय पर एक–दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत स्वयं सेवक विद्यार्थियों द्वारा गृहविज्ञान महाविद्यालय से फूलबाग यूनिवर्सिटी गेट तक एक रैली निकाली गयी एवं नारे लगाकर जन समुदाय को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा वाहन चालकों को वाहन चलाते समय ध्यान में रखने योग्य नियमों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने वाहन चालकों को वाहन चलाते समय सीटबेल्ट, हेलमेट आदि का प्रयोग करने की सलाह दी एवं यात्रा करते समय नियंत्रित गति से वाहन चलाने की अपील की। इस कार्यक्रम में लगभग 120 लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के आयोजन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, श्रीमती सोनू रानी एवं अन्य उपस्थित थे।

स्वयं सेवकों द्वारा जनसमुदाय को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते।